प्रतिबंधित संचलन

खंड— 4 अंक—125 दिनांक—15/03/2019

के. रि. पु. बल ई—संवाद
सेवा एवं निष्ठा

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया

इस दिवस पर महिला सशक्तिकरण की ख्याति का जश्न मनाते हुए सीआरपीएफ के झारखंड सेक्टर में महिला कार्मिकों द्वारा नक्सल रोधी आपरेशनों में निभाई गई सक्रिय भूमिका पर प्रकाश डाला गया। इन आपरेशनों के दौरान कंट्रोल रूम, वॉर रूम और मॉनिटरिंग सेल में सभी महत्वपूर्ण ड्यूटियां निभाते हुए उन्होंने उत्कृष्ट पेशेवर कौशल का प्रदर्शन किया।

परिचालनिक उपलब्धियां

07 मार्च 2019 को 190 बटा सीआरपीएफ ने झारखंड के बंधू और हफुआ के नजदीक लगे क्षेत्र पीपी, थाना तंडवा के अंतर्गत साडो ड्यूटी का संचालन किया। आपरेशन के दौरान माओवादियों और जवानों के बीच मुठभेड़ हुई जिसमें जवानों ने 03 कुख्यात नक्सलियों को मार गिराया और उनसे 01 एके–47 राइफल और 02 इंसास राइफलें बरामद की।

09 मार्च 2019 को 26 बटा सीआरपीएफ ने झारखंड के जिला बोकारो के थाना नवाडीह अंतर्गत खारपीटो मोड़ के निकट नाका ड्यूटी का संचालन किया जिसके दौरान जवानों ने 02 संदिग्ध व्यक्तियों उमा शंकर प्रसाद और अभिषेक राज को गाड़ी(फोर्स कंपनी) रजि. सं बीआर–01–पीडी–6021 के साथ 4800 जिलेटिन स्टिक्स और 5000 इलेक्ट्रिक डेटोनेटर्स सहित पकड़ा।

नक्सलियों का आत्मसमर्पण

सीआरपीएफ और राज्य पुलिस द्वारा निरंतर आपरेशन के दबाव में और 174 बटा सीआरपीएफ के यूनिट इंटेलिजेंस सेल के नियमित प्रयासों के कारण 03/03/2019 को सीपीआई(एम) गोइंदा गगराई उर्फ रनवीर पात्रो और सीपीआई(एम) महिला कैडर शांति कंडोलना उर्फ अलबीना कंडोलना पत्नी गोइंदा गगराई उर्फ रनवीर पात्रो ने डा. प्रेम चंद, कमांडेंट 174 बटा और स्थानापन्न कमांडेंट 197 बटा श्री डी.एम.त्रिपाठी, चंदन कुमार झा, एसपी चाईबासा, झारखंड पुलिस, द्विकअ, 197 बटा और सीआरपीएफ तथा सिविल पुलिस के अन्य अधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया।

पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान

10 मार्च 2018 को झारखंड के गुमला जिले में 218 बटा सीआरपीएफ द्वारा पल्स पोलियो अभियान का आयोजन किया गया।

समाजिक पहुंच

218 बटा सीआरपीएफ द्वारा झारखंड के गुमला जिले के गांवों लुचुटपट, महुआडीह, कोठी और डांडटोली में सिविक एक्शन कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें 400 ग्रामीणों में जरूरत का सामान बांटा गया और गांव मझगांव में एक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।